जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2024/1816 दिनांक : 16.11.2024

// संशोधित-अधिसूचना //

अशासकीय महाविद्यालयों को स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा हेतु असंस्थागत/स्वाध्यायी छात्रों के सत्र 2024-25 के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण हेतु अधिकृत किए जाने के संबंध में निम्न बिन्दुओं को पूर्ण करने वाले अशासकीय महाविद्यालयों को स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा हेतु स्वाध्यायी छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत किया जाना है।

अशासकीय महाविद्यालयों से वांछित जानकारी का विवरण निम्नानुसार है :-

1. **महाविद्यालय के लेटर हैड पर असंस्थागत (Private Students) छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने हेतु आवेदन पत्र।**
2. **महाविद्यालय की विश्वविद्यालय से सत्र 2024-25 हेतु जारी सम्बद्धता के पत्र की सत्यापित प्रति।**
3. **महाविद्यालय में संबंधित विषय में स्नातकोत्तर कक्षा गत 10 वर्षों से संचालित हो रही हैं। इस संबंध में आवश्यक प्रपत्र (विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम सम्बद्धता अधिसूचना पत्र) आवेदन के साथ प्रस्तुत करें। (जो महाविद्यालय पूर्व में आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं वे इस संबंध में यदि आवश्यक हो तो पूरक जानकारी प्रस्तुत करें।)**
4. **महाविद्यालय में परिनियम 28 (17) के अंतर्गत नियुक्त प्राचार्य एवं शिक्षकों की सूची एवं संबंधित की नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र की समिति के अध्यक्ष/सचिव से सत्यापित प्रति।**
5. **महाविद्यालय के स्वयं के भवन को सत्यापित करने वाले प्रपत्र की सत्यापित प्रति।**

अतः विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सम्बद्ध समस्त अशासकीय महाविद्यालयों को अवगत कराया जाता है कि वह उपरोक्त जानकारी तत्काल 100/- रू. के स्टाम्प पेपर पर अंकित कर **परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय में दिनांक 18.11.2024 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से सांय 05:00 बजे तक** प्रस्तुत करें। वांछित जानकारी निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने की दशा में प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. समस्त प्राचार्य, अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई.टी. सैल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक